महाविद्यालय 16 मील स्थित धामी में परिसर का सौंदर्यकरण

JUL 27, 2023

Spread the love

शिमला 27 जुलाई 2023 राजकीय महाविद्यालय 16 मील स्थित धामी में पौधारोपण का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर जनेश कपूर के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर का सौंदर्यकरण किया गया। कमेटी प्रभारी प्रोफेसर मोना शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड के स्वयंसेवियों के सहयोग से यह कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य द्वारा पौधारोपण का शुभारम्भ किया गया । इसी के साथ पहले लगाए गए पौधों की देखरेख व तौलिए इत्यादि बनाए गए । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जनेश कपूर, वरिष्ठ आचार्य डॉक्टर संतोष ठाकुर, डॉक्टर अनिल ठाकुर, डॉक्टर रमेश चौहान, डॉ राजीव शर्मा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामलाल भारद्वाज तथाडॉ विश्वज्योति एवं स्काउट्स एवं गाइड कार्यक्रम प्रभारी डॉ नमिता चौहान, डॉक्टर किशोरी लाल चंदेल ने विशेष तौर पर सहयोग दिया। महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक दिनेश नेगी, डॉक्टर गोदावरी गर्ग, डॉक्टर गीता शर्मा एवं डॉक्टर नवीन कुमार तथा महाविद्यालय अध्यक्ष पूर्ण ठाकुर उपस्थित रहे।